नगर विकास एवं आवास विभाग

श्री संजय दयाल, विशेष सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग पटना द्वारा दिनांक 19.08.2017 को सारण जिले के सोनपुर, नगर पंचायत में चल रहे योजनाओं की समीक्षा की गयी जो निम्नवत है:—

सबके लिए आवास योजना

➢ नगर पंचायत, सोनपुर में दिनांक 19.08.2017 को HFA योजना के अन्तर्गत आयोजित शिविर में 02 लाभुकों के बीच कार्यादेश का आवंटन किया गया। प्रथम किस्त के रूप में 50(पचास) हजार रूपये प्रति लाभुक की दर से भुगतान किये गए लाभर्थियों की संख्या 13 है तथा द्वितीय किस्त के रूप में 1(एक) लाख रूपये प्रति लाभुक की दर से भुगतान किये गये लाभुकों की संख्या 10 है। इस प्रकार प्रथम तथा द्वितीय किस्त के रूप में कुल भुगतेय कुल राशि 16.50 लाख है। तृतीय किस्त का भुगतान एक भी लाभार्थियों का नहीं हो पाया है।

स्वच्छ भारत मिशन (SBM)

➢ नगर पंचायत, सोनपुर में दिनांक 19.08.2017 को SBM योजना के अन्तर्गत आयोजित शिविर में 30 लाभुकों के बीच कार्यादेश का आवंटन किया गया। प्रथम किस्त के रूप में 7500/- रूपये प्रति लाभार्थी की दर से भुगतान किये गए लाभर्थियों की संख्या 10 तथा द्वितीय किस्त के रूप में 4500/- रूपये प्रति लाभुक की दर से भुगतान किये गये लाभार्थियों की संख्या 05 है। इस प्रकार प्रथम तथा द्वितीय किस्त के रूप में भुगतेय कुल राशि 97500 रूपये है।

➢ समीक्षा के दौरान यह पता चला कि Community Toilet बनवाने की प्रक्रिया काफी धीमी है। निदेश दिया गया कि सर्वे के आधार पर जमीन चिन्हित कर संबंधित रेलवे पदाधिकारी को पत्र लिखा जाय एवं Community Toilet बनवाने हेतु नियमानुसार शीघ्र अग्रेत्तर कार्रवाई की जाय। जहॉ पर जमीन उपलब्ध नहीं है वहॉ विभागीय दिशा-निदेश के अनुसार toilet की व्यवस्था की जाय।

➢ कार्यपालक पदाधिकारी, सोनपुर द्वारा जानकारी दी गयी कि Door to Door कचरा collection का कार्य हो रहा है। निदेश दिया गया कि Segregation at source का कार्य भी आरंभ किया जाय।

राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (NULM)

नगर पंचायत, सोनपुर में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (NULM) की प्रगति शून्य है। इसका कारण फण्ड में राशि की कमी बताया गया है। निदेश दिया गया कि NULM योजना का प्रचार प्रसार किया जाय। सर्वे कर वेंडरों को पहचान पत्र बनवाया जाय तथा जमीन चिन्हित कर वेडर जोन स्थापित किया जाय।

मुख्यमंत्री शहरी नाली- गली योजना

सोनपुर, नगर पंचायत में कुल वार्डो की संख्या 21 है। मुख्यमंत्री शहरी नाली गली पक्कीकरण निश्चय योजना वित्तीय वर्ष 2016- 17 में सभी 21 वार्डो को आच्छादित किया गया है जिसमें से 16 वार्डो को कार्य प्रारम्भ किया किया गया है। प्रस्तावित पक्की गली की लम्बाई 841 मीटर है तथा प्रस्तावित पक्की नाली की लम्बाई 695 मीटर है। जिसके विरूद्ध गत माह तक निर्मित कुल पक्की गली की लंबाई 431 मीटर एवं निर्मित कुल पक्की नाली की लंबाई 89 मीटर बताई गयी है। कार्यपालक पदाधिकारी, सोनपुर, नगर पंचायत को मुख्यमंत्री शहरी नाली गली पक्कीकरण निश्चय योजना के कार्य में गति लाने का निदेश दिया गया है।

मुख्यमंत्री "नल जल" निश्चय योजना

सोनपुर नगर पंचायत के कुल 21 वार्डो में कुल घरों की संख्या 5627 है जिसमें से 939 घरों में पूर्व से नल जल की सुविधा उपलब्ध है तथा शेष 4688 घरों को जल संयोजन करना है। 21 वार्ड को वित्तीय वर्ष 2016-17 मुख्यमंत्री नल जल निश्चय योजनान्तर्गत अच्छादित किया जाने की प्रक्रिया पूरा करते हुए कुल 03 वार्ड में कार्य प्रारंभ किया जा चुका है। किन्तु विभागीय पत्रांक 7046 दिनांक 04.10.2016 के आलोक में सोनपुर, नगर पंचायत में हर घर नल का जल योजना का कार्य तत्काल स्थगित है।

ह0/
विशेष सचिव

ज्ञापांक.................................. पटना दिनांक......................

प्रतिलिपि :– प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/
विशेष सचिव

ज्ञापांक बि0प्र0को0(न0वि0आ0वि0- 20/2017 पटना, दिनांक 21-08-2017

प्रतिलिपि :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, सोनपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

21/8/17
विशेष सचिव